an>

Title: Regarding six-laning of Rajkot-Somnath stretch of National Highway including construction of an over-bridge at Krishna Park circle in Gujarat.

श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया : महोदया, मैं आपका ध्यान सौराष्ट्र क्षेत्र के राजकोट-सोमनाथ फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर दिलाना चाहता हूँ।...(व्यवधान) इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजकोट से शापर इंडस्ट्रियल एरिया तक हर दिन बड़े वाहनों के आवागमन के कारण वहाँ घंटों तक जाम लगता है।...(व्यवधान) इसलिए सौराष्ट्र की जनता की लम्बित माँग है कि राजकोट से शापर इंडस्ट्रियल एरिया तक मौजूदा फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग का छह लेन में रूपान्तरण किया जाये।...(व्यवधान) साथ ही उसी राजमार्ग पर गोंडल और चौकड़ी स्थित कृष्णा पार्क सर्किल पर ओवरब्रिज बनाया जाये, ताकि यह मानव रक्षित न हो और जनहित का रक्षण हो।...(व्यवधान) आपसे अनुरोध है कि इस मामले पर निजी तौर पर ध्यान देकर समुचित निर्देश दें, ताकि इस जनहित की समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री अर्जुन लाल मीणा,

श्री शरद त्रिपाठी,

डॉ. किरिट पी. सोलंकी और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : चलिए, सभी बाहर चलिए।

12.12 hours

(S/Shri Mallikarjun Kharge, Mohammad Salim, Sudip Bandopadhyay and other hon. Members then left the House)

…(व्यवधान)